# गाजियाबाद का मामा, लखनऊ का भांजा.. काम चोरी

**शिकंजे में शातिर**

- 100 कैमरे देखने के बाद धरे गए, वारदात की फिराक में थे
- कलक्टरगंज से पार किया था सिगरेट का गत्ता


कलक्टरगंज पुलिस ने शातिर चोर मामा और भांजे को सटीक सूचना पर धर दबोचा । ● हिन्दुस्तान

**कानपुर, संवाददाता।** एक सप्ताह पहले कलक्टरगंज बाजार से व्यापारी का सिगरेट का गत्ता पार करने वाले मामा-भांजे को पुलिस ने दबोच लिया। दोनों लखनऊ से स्कूटी से आए थे और गत्ता चुराकर फरार हो गए थे। 100 से अधिक कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को स्कूटी नंबर मिला था। इसी आधार पर शुक्रवार देर रात इन्हें पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार दोनों फिर वारदात करने आए थे। आरोपी मामा गाजियाबाद का निवासी है और कुछ समय से बहन के यहां लखनऊ में रह रहा था।

कलक्टरगंज थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि 16 मई को बांदा के रहने वाले व्यापारी रोहित गुप्ता कलक्टरगंज बाजार आए थे। इस दौरान किसी ने उनका सिगरेट का एक गत्ता चोरी कर लिया। इसकी शिकायत उन्होंने थाने में की। टीम ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे तो स्कूटी सवार दो युवक गत्ता चोरी करके ले जाते दिखे। पुलिस टीम ने 100 से अधिक कैमरे चेक किए तो स्कूटी का नंबर मिल गया। इसके आधार पर टीम ने आरोपितों की तलाश शुरू की। शुक्रवार देर रात आरोपित दोबारा शहर में चोरी की वारदात को अंजाम देने पहुंचे। तभी टीम ने घंटाघर चौराहा स्थित शराब के ठेके के पास से लखनऊ के मानक नगर निवासी शाहबाज और उसके मामा हकीकत निवासी न्यू हिंडन विहार गाजियाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त स्कूटी और करीब 20 हजार रुपये बरामद किए हैं। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

**घूम-घूम कर चोरी करते :** पुलिस ने बताया कि आरोपित हकीकत दो बार गाजियाबाद से चोरी में जेल जा चुका है। वह काफी समय से लखनऊ में बहन के घर में रह रहा था। उसने अपने भांजे शाहबाज के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देना शुरू किया। आरोपित लखनऊ से कानपुर आकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। इसके बाद उन्नाव चले जाते थे। ताकि पुलिस उन तक नहीं पहुंच सके।


JKcement
A SOLID LEGACY OF TRUST

Great Place To Work. Certified FEB 2026 - FEB 2027 INDIA

## J.K. Cement Ltd.

(CIN: L17229UP1994PLC017199)
**Registered Office :** Kamla Tower, Kanpur-208001, Uttar Pradesh, India
Telephone : +91-512-2371478/81, Fax : +91-512-2399854
Email : comp.sec@jkcement.com | Web : www.jkcement.com

### EXTRACT OF CONSOLIDATED AND STANDALONE AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31st MARCH, 2026

(₹ in Crores)

| Sl. No. | Particulars | CONSOLIDATED | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Three Months Ended 31.03.2026 Audited | Three Months Ended 31.12.2025 Unaudited | Three Months Ended 31.03.2025 Audited | Year Ended 31.03.2026 Audited | Year Ended 31.03.2025 Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 3,928.79 | 3,509.00 | 3,627.06 | 13,916.84 | 12,052.10 |
| 2 | Net Profit before Interest, Depreciation, Exceptional Items and Tax | 681.93 | 556.80 | 762.90 | 2,387.81 | 2,043.85 |
| 3 | Net Profit for the Period before Share (Loss) in Associates and Tax (before Exceptional and Extraordinary Items) | 443.59 | 316.09 | 535.02 | 1,491.54 | 1,139.45 |
| 4 | Net Profit for the Period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary Items) | 443.54 | 268.28 | 534.96 | 1,443.85 | 1,242.39 |
| 5 | Net Profit for the Period after Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary Items) | 330.88 | 173.61 | 361.33 | 987.99 | 872.17 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the Period [Comprising Profit/(Loss) for the Period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 371.66 | 183.09 | 360.41 | 1,062.76 | 887.53 |
| 7 | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- Per Share) | 77.27 | 77.27 | 77.27 | 77.27 | 77.27 |
| 8 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 6,256.24 | 5,886.47 | 5,221.16 | 6,256.24 | 5,221.16 |
| 9 | Security Premium Account | 756.80 | 756.80 | 756.80 | 756.80 | 756.80 |
| 10 | Net Worth | 7,090.31 | 6,720.54 | 6,055.23 | 7,090.31 | 6,055.23 |
| 11 | Paid up Debt Capital/Outstanding Debt | 4,990.20 | 5,139.43 | 4,961.33 | 4,990.20 | 4,961.33 |
| 12 | Outstanding Redeemable Preference Shares | NA | NA | NA | NA | NA |
| 13 | Debt Equity Ratio | 0.86 | 0.93 | 0.97 | 0.86 | 0.97 |
| 14 | Basic and Diluted Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (Not Annualized except Period / Year ended ) | 43.08 | 22.60 | 46.64 | 128.44 | 111.44 |
| 15 | Capital Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA | NA |
| 16 | Debenture Redemption Reserve | - | - | 3.75 | - | 3.75 |
| 17 | Debt Service Coverage Ratio | 2.92 | 2.13 | 2.94 | 2.39 | 1.91 |
| 18 | Interest Service Coverage Ratio | 7.48 | 5.42 | 7.42 | 6.12 | 4.86 |

Notes:

1 The above is an extract of the detailed format of Audited Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 52 of the Listing Regulations. The full format of the quarter and year ended consolidated and standalone financial results are available on the Stock Exchange websites:- www.nseindia.com, www.bseindia.com and on the Company's website www.jkcement.com.

2 Key Standalone Financial Information:

| Sl. No. | Particulars | STANDALONE | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Three Months Ended 31.03.2026 Audited | Three Months Ended 31.12.2025 Unaudited | Three Months Ended 31.03.2025 Audited* | Year Ended 31.03.2026 Audited | Year Ended 31.03.2025 Audited * |
| 1 | Total Income from operations | 3,726.56 | 3,258.63 | 3,423.17 | 13,138.74 | 11,357.23 |
| 2 | Net Profit before Interest, Depreciation, Exceptional Items and Tax | 670.47 | 534.45 | 736.36 | 2,331.05 | 1,987.30 |
| 3 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | 459.67 | 321.59 | 533.44 | 1,539.74 | 1,170.62 |
| 4 | Net Profit for the Period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary Items) | 459.67 | 275.59 | 587.82 | 1,493.74 | 1,225.00 |
| 5 | Net Profit for the Period after Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary Items) | 344.54 | 180.54 | 412.71 | 1,033.34 | 851.27 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the Period [Comprising Profit for the Period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 346.58 | 179.70 | 410.13 | 1,032.87 | 847.91 |
| 7 | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- Per Share) | 77.27 | 77.27 | 77.27 | 77.27 | 77.27 |
| 8 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 6,126.61 | 5,780.03 | 5,209.64 | 6,126.61 | 5,209.64 |
| 9 | Security Premium Account | 756.80 | 756.80 | 756.80 | 756.80 | 756.80 |
| 10 | Net Worth | 6,960.68 | 6,614.10 | 6,043.71 | 6,960.68 | 6,043.71 |
| 11 | Paid up Debt Capital/Outstanding Debt | 4,990.20 | 5,098.82 | 4,961.33 | 4,990.20 | 4,961.33 |
| 12 | Outstanding Redeemable Preference Shares | NA | NA | NA | NA | NA |
| 13 | Debt Equity Ratio | 0.87 | 0.95 | 0.97 | 0.87 | 0.97 |
| 14 | Basic and Diluted Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (Not Annualized except Period / Year ended ) | 44.59 | 23.36 | 53.41 | 133.73 | 110.17 |
| 15 | Capital Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA | NA |
| 16 | Debenture Redemption Reserve | - | - | 3.75 | - | 3.75 |
| 17 | Debt Service Coverage Ratio | 2.87 | 2.06 | 2.83 | 2.31 | 1.86 |
| 18 | Interest Service Coverage Ratio | 7.47 | 5.34 | 7.31 | 6.10 | 4.80 |

3 These financial results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind-AS) as prescribed under section 133 of Companies Act 2013 read with Rule 3 of the Companies (Indian Accounting Standards) Rules 2015 and relevant amendment thereafter. The said financial results of the Parent Company and its subsidiaries together referred as the "Group" have been prepared in accordance with Ind AS 110 – Consolidated financial statements.

Scan the QR Code to download the full financial results

For and on behalf of the Board of Directors

**Dr. Raghavpat Singhania**
**Managing Director**
DIN: 02426556

JKsuper cement BUILD STRONG | JKsuper STRONG CONCRETE SPECIAL BUILD STRONG | JKsuper PROTECT BUILD STRONG ALL WEATHER SAFE | JKMaxx PAINTS Colours of joy | JKcement WallMaxX White Cement Based Putty | JKcement WallMaxX ADVANCED Premium Wall Putty | MEMBER J.K. ORGANISATION 140 YEARS OF LEGACY & LEADERSHIP | JKcement ShieldMaxX Universal Waterproof Putty | JK CEMENT WhiteMaxX White Portland Cement | JKTYLO PREMIUM ADHESIVES & GROUTS | JKPROFIX TRUSTED BY EXPERTS

For Kind Attention of Shareholders : As a part of Green Initiative of the Government, all the Shareholders are requested to get their email addresses registered with the Company for receiving Annual Report, etc. on email.


## रावतपुर पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा, अब तक 13 जा चुके हैं जेल

# चार ट्रांसप्लांट कराने वाला सैफुद्दीन साथी संग गया जेल

**किडनी कांड**


किडनी कांड में रावतपुर पुलिस की गिरफ्त में आरोपी सैफुद्दीन व अखिलेश तिवारी। ● हिन्दुस्तान

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** किडनी के अवैध कारोबार मामले में रावतपुर पुलिस ने शनिवार को दो और आरोपियों को धर दबोचा। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह कानपुर में हुए चार किडनी प्रत्यारोपण में कथित डॉ. अली के साथ रहा था। आरोपी सैफुद्दीन ओटी टेक्नीशियन जबकि अखिलेश तिवारी ने नर्सिंग एवं मिडवाइफरी का कोर्स किया है। दोनों को रावतपुर पुलिस ने गीतानगर क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया है। आहूजा अस्पताल में हुए किडनी ट्रांसप्लांट मामले में भी दोनों शामिल थे। दोनों को जेल भेज दिया गया। इस मामले में अब तक 13 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। चार आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

डीसीपी पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि बहराइच के कैसरगंज निवासी सैफुद्दीन और अखिलेश तिवारी किडनी कांड के सरगना रोहित तिवारी के लिए काम करते थे। सैफुद्दीन ने पूछताछ में बताया कि वह कानपुर में चार किडनी ट्रांसप्लांट करवा चुका है। इसमें आहूजा हास्पिटल में दो, मेडीलाइफ हास्पिटल में एक और रामाशिव हास्पिटल में ऑपरेशन में शामिल रहा है। डीसीपी ने बताया कि सैफुद्दीन ने स्नातक के बाद ओटी टेक्नीशियन का कोर्स किया था। इसके बाद लखनऊ के डालीगंज स्थित केके हास्पिटल में काम करने लगा। वह दिल्ली के भी कई अस्पतालों में काम कर चुका है। जबकि अखिलेश तिवारी ने स्नातक के बाद ग्वालियर से जीएनएम (जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) का कोर्स किया था। डीसीपी के मुताबिक सैफुद्दीन ने स्वीकार किया है कि 29 मार्च 2026 में हुए किडनी ट्रांसप्लांट के दौरान वह अखिलेश के साथ ओटी में मौजूद था। उसी ने अखिलेश तिवारी को रोहित से मिलवाया था। किडनी निकाले जाने पर उसे बर्फ पर किस तरह से रखना है और ट्रांसप्लांट होने तक की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं दोनों की थी। इस काम के लिए उन्हें 50 हजार रुपये मिलते थे। सैफुद्दीन ने बताया कि अली को सभी डाक्टर ही समझते थे। वहीं किडनी ट्रांसप्लांट करता था। डीसीपी ने बताया कि मामले में गिरोह के राजदार डा. अफजाल, डा. वैभव और अनुराग उर्फ अमित व प्रयागराज का नवीन पांडेय की तलाश में पुलिस जुटी है।

### फेसबुक पोस्ट से रोहित ने किया था संपर्क

डीसीपी ने बताया कि सैफुद्दीन काम ढूंढ रहा था। इसके लिए उसने फेसबुक पर पोस्ट डाली थी। जनवरी 2025 में पोस्ट पढ़कर रोहित ने लखनऊ के डालीगंज में उससे संपर्क किया था। इसके बाद सैफुद्दीन ने साथी अखिलेश तिवारी से रोहित को मिलवाया था। यहीं से दोनों रोहित के लिए काम करने लगे।

### 29 मार्च को आहूजा अस्पताल में हुआ था पारुल का ट्रांसप्लांट

केशवपुरम स्थित आहूजा अस्पताल में मुजफ्फरनगर की पारुल सिंह का बीती 29 मार्च की रात किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। बिहार के बेगूसराय निवासी आयुष कुमार की किडनी पारुल को लगाई गई। पुलिस ने 30 मार्च को इस मामले का खुलासा कर आहूजा अस्पताल के संचालक डा. प्रीति आहूजा, उनके पति डा. सुरजीत आहूजा, आरोही अस्पताल के संचालक राजेश, मेडलाइफ के संचालक रामप्रकाश, प्रिया अस्पताल के संचालक नरेन्द्र सिंह, दलाल शिवम अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया। बाद में गाजियाबाद के ओटी मैनेजर राजेश, हापुड़ निवासी ओटी इंचार्ज कुलदीप सिंह राघव, बागपत निवासी परवेज सैफी, उसके बाद गाजियाबाद निवासी और खुद को डाक्टर बताने वाले रोहित तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जबकि मुदस्सर अली सिद्दीकी उर्फ डॉ. अली ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था।

# महिला की बाइक सवारों ने लूटी चेन

**कानपुर।** नौबस्ता में दिनदहाड़े बाइक सवार लुटेरों ने महिला दुकानदार की लगभग सवा तोले की सोने की चेन लूट ली। भागते समय आरोपित इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। मौके पर पुहंची पुलिस ने जांच के बाद तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

नौबस्ता के रवींद्रनगर निवासी कुसुम अवस्थी की घर के बाहरी हिस्से में परचून की दुकान है। कुसुम ने बताया कि वह शुक्रवार को करीब चार बजे दुकान में खाना खा रही थीं, तभी काले रंग की बाइक से दो युवक आए। दोनों ने मुंह पर अंगौछा लपेट रखा था। बाइक पर पीछे बैठा युवक पास आया और सिगरेट मांगने लगा। जब सिगरेट देने के लिए काउंटर की तरफ झुकीं तो लुटेरे ने झपट्टा मारकर गले में पड़ी सवा तोले वजनी सोने की चेन तोड़ ली और बाइक में बैठ भाग निकला। नौबस्ता थानाप्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपितों की तलाश में सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं। संदेह के आधार पर दो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**बाइक फिसलने से सड़क पर गिर पड़े लुटेरे:** लूट के बाद कुछ दूर ब्रेकर से टकराकर लुटेरों की बाइक फिसल गई। इससे दोनों लुटेरे बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। बाइक में पीछे बैठा लुटेरा पैदल ही एक गली में भाग निकला। दूसरा बाइक स्टार्ट कर भाग निकला।

# प्यार में बाधक दोस्त की गर्दन काटने में उम्रकैद

**अदालत से**

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** प्यार में बाधा बने दोस्त की हत्या कर गर्दन अलग कर लाश फेंकने वाले को जिला जज अनमोल पाल ने उम्रकैद और 12 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

महाराजपुर पुलिस को तीन मार्च 2019 को किसान गोविंद प्रसाद ने सूचना दी कि जयप्रकाश के खेत में ट्यूबवेल के पीछे एक 22 वर्षीय युवक की गर्दन कटी लाश पड़ी है। ठीक एक दिन पहले दो मार्च 2019 से गोविंद नगर सीटीआई निवासी उमेश लापता था। पुलिस ने उमेश के परिजनों को बुलाया तो लाश की पहचान उमेश के रूप में हुई। उमेश संग कैटरिंग का काम करने वाले पड़ोस के राहुल वाल्मीकि पर हत्या का आरोप लगाया गया। आरोप था कि उमेश जिस लड़की से प्यार करता था, राहुल भी उसी से प्रेम करता था। इसी रंजिश में राहुल ने उमेश की हत्या कर दी। डीजीसी दिलीप अवस्थी व एडीजीसी ओंकारनाथ वर्मा ने बताया कि मृतक के माता-पिता, बहन व प्रेम करने वाली युवती समेत 13 गवाह कोर्ट में पेश किए गए। सबूतों के आधार पर कोर्ट ने राहुल को सजा सुनाई।

### बेटी की गवाही पर मां के हत्यारे पिता को कैद

**कानपुर।** दर्शनपुरवा में पत्नी सोनी की हत्या में एडीजे सपना त्रिपाठी ने मृतका के पति अर्जुन को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मृतका की बेटी वैष्णवी की गवाही अहम रही। एडीजीसी प्रदीप कुमार साहू ने बताया कि उन्नाव, मगरवारा देवीखेड़ा निवासी अर्जुन वर्मा दर्शनपुरवा में किराये पर रहता था। बेटे करन ने फजलगंज थाने में केस दर्ज करा आरोप लगाया कि 24 जुलाई 2023 की शाम पिता ने गड़ासे से मां का गला काटकर हत्या कर दी।

# बिठूर में जिपं सदस्य के घर पर हमला

**बिठूर।** बिठूर कटरी के ईश्वरीगंज में शुक्रवार रात वर्चस्व के विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। ग्राम प्रधान समेत दर्जनों समर्थकों ने कल्याणपुर जिला पंचायत सदस्य के घर पर हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया। जिपं सदस्य के जेठ ने ईश्वरीगंज ग्राम प्रधान समेत 21 लोगों के खिलाफ व 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। हमले में चर्चित बिच्छू गैंग के लोगों के शामिल होने का आरोप है।

ईश्वरीगंज निवासी दिलीप निषाद की पत्नी नेहा निषाद भाजपा से जिला पंचायत सदस्य हैं। ग्राम प्रधान व जिपं सदस्य के परिवार में चुनाव को लेकर काफी समय से तनातनी है। नेहा के ससुर यदुनाथ पूर्व प्रधान रह चुके हैं। नेहा भाजपा से जुड़ी हैं। गांव में एक पुलिया का निर्माण विधायक निधि से पास कराया, जिसका काम चल रहा है। जो प्रधान संतोष को नागवार लगा। शुक्रवार की रात जिपं सदस्य का भतीजा चौराहे तक जा रहा था। उसी समय ग्राम प्रधान के भाई संतोष ने साथियों संग उसे पीट दिया। कुछ ही देर में जिपं सदस्य के घर पर दर्जनों लोग पहुंच कर हमलावर हो गए। आरोप है कि ग्राम प्रधान हमला करने के बाद धमकी देकर गया कि अगर परिवार से किसी ने कोई चुनाव लड़ा तो अंजाम बुरा होगा। जिला पंचायत के जेठ ने आरोप लगाया कि दीपू निषाद ने बिच्छू गैंग के सदस्यों को बुलाया था। जिला पंचायत के जेठ दिनेश कुमार ने ग्राम प्रधान संतोष कुमार, मनीष, सूरज बाली, कमलेश, मनीष, मोंटी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीपू सागर समेत 21 लोगों को नामजद किया है। बिठूर इंस्पेक्टर अशोक कुमार सरोज ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। कई लोगों को हिरासत में लिया है।




**शहर 30s**

### भाइयों ने दो को पीटा, छत से फेंके सुतली बम

**कानपुर।** शास्त्रीनगर निवासी सुनील कुमार बाजपेयी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शुक्रवार रात को घर के सामने रहने वाले अजय ठाकुर से उदित और उसका भाई मुदित विवाद कर रहे थे। दोनों भाई वेदांत को अजय ठाकुर को मारने के लिए उकसाने लगे। विरोध पर दोनों भाइयों ने वैभव और वेदांत से मारपीट कर दी। वह बीचबचाव को पहुंचे तो उन्हें भी लहूलुहान कर दिया। इसके बाद छत पर जाकर सुतली बम फेंकने लगे। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### असम से आ रहा गांजा पकड़ा, आरोपित गिरफ्तार

**कानपुर।** असम से गांजा लाकर सप्लाई करने वाले तस्कर को आरपीएफ प्रभारी एसएन पाटीदार और जीआरपी प्रभारी ओएन सिंह के नेतृत्व में टीम ने पकड़ लिया। इसके कब्जे से लगभग 10 किलो 190 ग्राम गांजा बरामद किया। इसकी कीमत 12 लाख रुपये बताई गई। स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के गेट नंबर 01 के पास से जिला हजारीबाग झारखंड निवासी रवि कुमार को एक ट्रॉली बैग तथा एक पिट्ठू बैग के साथ पकड़ा। पुलिस ने बैग खुलवाया गया तो पैकेटों में गांजा था। रवि ने बताया कि वह असम से महीने में तीन-चार खेप लाकर कानपुर या लखनऊ में सप्लाई देते हैं। एक ट्रिप में 10 हजार रुपये 15 किलो माल तक मिलते हैं।

### पार्षद पति ने शर्ट उतारकर किया प्रदर्शन

**कानपुर।** बेगमपुरवा वार्ड 102 के पार्षद पति अकील शानू स्ट्रीट लाइटें खराब होने के विरोध में जोन तीन के दफ्तर किदवईनगर पहुंचे और मार्ग प्रकाश विभाग में शर्ट उतारकर फर्श पर बैठ गए। चेतावनी दी कि जब तक क्षेत्र की स्ट्रीट लाइटें ठीक नहीं हो जाती, कमीज नहीं पहनेंगे। चेतावनी दी कि रविवार 12 बजे तक लाइटें नहीं जलती हैं तो बगैर जूता-चप्पल व शर्ट पहने नंगे पांव पोल पर चढ़ेंगे।


पार्षद पति ने ऐसे किया विरोध।

### पत्नी को मायके छोड़ घर लौटे युवक ने जान दी

**कानपुर।** मूलरूप से फतेहपुर के शाहजहांपुर खागा निवासी और यहां चकेरी में रहने वाला 32 वर्षीय संतोष कुमार का शव घर में फंदे पर लटका मिला। टाइल्स-पत्थर का काम करने वाले संतोश के पिता प्रेम प्रसाद के अनुसार करीब आठ साल पहले संतोष ने चकेरी निवासी मिथलेश से प्रेम विवाह किया था। वह ससुराल के पास ही किराये पर रहने लगा। शनिवार सुबह बहू ने बेटे की मौत की जानकारी दी। वहीं ससुरालीजन ने बताया कि शुक्रवार शाम पत्नी से विवाद हो गया। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि पत्नी से विवाद में आत्महत्या की है।

### बीमारी से परेशान महिला ने की आत्महत्या

**कानपुर।** मूलगंज में बीमारी से परेशान 45 वर्षीय दिशा साहू ने आत्महत्या कर ली। परेड नया चौक निवासी दीपक कुमार वाटर एटीएम का काम करते हैं। उनकी पत्नी दिशा को पेट की बीमारी थी। ऑपरेशन होने के बावजूद राहत नहीं मिली थी। इस कारण वह मानसिक तनाव में रहती थी। मूलगंज थाना प्रभारी ने बताया कि महिला ने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या की है।